
फर्जीवाड़ा | युग प्रिंटर्स एंव फोटो कॉपी सेंटर का बिल एक, तारीख अनेक, ग्राम पंचायत बोधगुंडी का मामला

# फर्जी बिल से पंचायत के खजाने को किया खाली




**अमरपुर नवभारत 30 नवंबर।** अमरपुर जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत बोधगुंडी में तत्कालीन पंचायत प्रधान जयमति कुशराम एवं सचिव अमर सिंह कुशराम ने ग्राम पंचायत को भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया था। यहां ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के लिए जारी की गई शासकीय राशि की जमकर लूट की गई है। विभागीय प्रमुखों द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने से भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलंद है।

ग्राम पंचायत बोधगुंडी में ग्राम का विकास कम और महिला सरपंच जयमति कुशराम एवं सरपंच पति सुखदेव कुशराम सहित तत्कालीन सचिव अमर सिंह कुशराम का विकास अधिक हुआ है। महिला सरपंच एवं पति सहित सचिव अमर सिंह कुशराम ने पंचायत की राशि आहरण करने के लिए दुकानदारों से सांठगांठ करते हुए फर्जी बिल लगा कर पंचायती खजाने को खाली करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। इसका खुलासा ग्राम पंचायत में सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त जानकारी से हुआ है।

### फर्जी बिलों शासकीय राशि की हुई लूट

ग्राम पंचायत बोधगुंडी में पंचायत की कमान संभालने वाले जिम्मेदारों द्वारा ही पंचायत में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है।

### होटल, कम्प्यूटर व फोटो कॉपी सेंटर के संचालक भी शामिल

एक पंचायती सूत्र व्दारा बताया गया कि मेरे पास भी बहुत सारे फर्जी बिल है, जो मैंने पंचायत से निकाले हैं। इनका हिसाब अगर लगाया जाए तो तत्कालीन सरपंच जयमति कुशराम, सरपंच पति सुखदेव कुशराम, सचिव अमर सिंह कुशराम ने अपनी तिजोरी भरने की लालच में पंचायत का खजाना खाली कर दिया है। पंचायत में की गई शासकीय राशि की लूट में होटल संचालक, कम्प्यूटर सेंटर संचालक, फोटो कॉपी सेंटर संचालक शामिल है।

यहा पंचायत की तत्कालीन महिला सरपंच जयमति कुशराम सरपंच पति सुखदेव कुशराम एवं सचिव अमर सिंह कुशराम ने विगत तीन वर्षों के कार्यकाल में ही बड़े भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जा चुका है। जिम्मेदारों ने सरकारी धन का गबन किया है, जिसकी जांच होने पर जिम्मेदार सलाखों के पीछे पहुंच सकते हैं।


### इनके लगे फर्जी बिल

ग्राम पंचायत बोधगुंडी में सन् 2022 से लेकर ग्राम पंचायत बोधगुंडी की महिला सरपंच जयमति कुशराम के अविश्वास प्रस्ताव पारित होने कालावधि तक पंचायत का दायित्व संभालने वाले सचिव अमर सिंह एंव महिला सरपंच जयमति कुशराम ने सरपंच पति संग मिलकर युग प्रिंटर्स एंव फोटोकॉपी सेंटर संचालक के साथ सांठगांठ करते हुए पंचायत में स्टेशनरी सहित खिलौने के फर्जी बिल लेकर लगाए गए हैं। इन सभी बिलो में बिल लगाने की दो-दो तारीख लिखी गई है, जिससे स्पष्ट होता है कि युग प्रिंटर्स एंव फोटोकॉपी सेंटर भानपुर संचालक को फर्जी बिलों के व्दारा बड़ा फायदा पहुंचाया गया है।

## संतोष का बयान मातृशक्ति का अपमान : तिवारी



**चिल्हारी 30 नवंबर।** आईएएस संतोष वर्मा के विवादित बयान को लेकर आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा। युवा ब्राह्मण समाज के रमाकांत तिवारी ने इसे समाज को तोड़ने वाला, असंवेदनशील और मातृशक्ति का अपमान करार दिया है। श्री तिवारी ने कहा कि बहन-बेटियों को लेकर की गई टिप्पणी अत्यंत आपत्तिजनक है और इससे सामाजिक सौहार्द व प्रशासनिक गरिमा दोनों को ठेस पहुंची है। किसी भी जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा ऐसी टिप्पणी करना सामाजिक समरसता और संवैधानिक मयार्दा के विरुद्ध है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी वर्गों का का सम्मान हमारी परंपरा का मूल है और किसी भी समुदाय को लक्षित कर ऐसी टिप्पणी स्वीकार्य नहीं। उन्होंने प्रशासन से तत्काल कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की अपील की है। अन्यथा उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है।



## शहपुरा ने हासिल किया तृतीय स्थान

▸ जिला स्तरीय जादू नहीं, विज्ञान है प्रतियोगिता

**शहपुरा नवभारत 30 नवंबर।** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं अंधविश्वास को दूर करने के लिए जिला स्तरीय विज्ञान कार्यक्रम जादू नहीं, विज्ञान है, समझना-समझाना आसान है का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रयपुरा में आयोजित किया गया।

इसमें डिंडोरी जिले के प्रत्येक विकासखंड से चयनित सर्वश्रेष्ठ पांच-पांच प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रत्येक विकास खंड के प्रतिभागियों ने विज्ञान के प्रयोग के आधार पर यह समझाने का प्रयास किया कि जादू टोना या चमत्कार कुछ नहीं होता यह सिर्फ विज्ञान के प्रयोग हैं। इसलिए पंडा, गुनियों के चक्कर में नहीं फंसे और विज्ञान को समझने का प्रयास करें।

### समनापुर रहा प्रथम स्थान पर

इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान विकासखंड-समनापुर, द्वितीय स्थान विकासखंड-डिंडौरी एवं तृतीय स्थान विकासखंड-शहपुरा नें प्राप्त किया।

विकासखंड शहपुरा से शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय शहपुरा एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झगरहटा के रानू पांडे, विमला मरावी, मिथलेश धुर्वे, प्रगति कारपेंटर, शीतल चौधरी, अमित भवेदी, भवदीप झारिया ने प्रतियोगिता में जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# जल की एक-एक बूंद रोकना है : धुर्वे

▸ जन अभियान परिषद के सदस्यों ने श्रमदान से किया बोरी बंधान



**अमरपुर नवभारत 30 नवंबर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम (एमएसडब्ल्यू/बीएसडब्ल्यू) अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय में कक्षाओं के संचालन किया गया।

कक्षाओं के संचालन के उपरांत कॉलेज के नजदीक बाराती नाला स्टाप डैम के दो गेट जन अभियान परिषद के जल संचय अभियान के अंतर्गत लगभग 25 बोरी बंधान कर जल रोका गया। उक्त श्रमदान के पश्चात विकासखंड समन्वयक जन अभियान परिषद के अमर लाल धुर्वे एवं ग्राम विकास समिति अध्यक्ष गुलाब सिंह ठाकुर द्वारा जल के महत्व को बताते हुए पांच तत्व में जल अति आवश्यक हैं। जल हैं तो कल हैं जल से जीवन हैं। इसलिए एक-एक बूंद रोकना हैं। उपस्थित छात्र-छात्राओं को अपने-अपने आवंटित ग्रामों के छोटे-छोटे नदी नालों के जल स्त्रोतों को बांधकर जल रोकने हेतु कहा गया। जिससे ग्राम वासियों के निस्तार मवेशियों एवं सिंचाई का उपयोग तथा जल का स्तर बढ़ सके।

कार्यक्रम में परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था, बाल विकास विद्या मंदिर से अरविंद यादव, उत्थान सेवा संस्थान से गणेश केर्वथ, पत्रकार बलराम राजपूत, साहब लाल पुषाम एवं मेंटर्स राधेश्याम वनवासी, नीतू मरकाम, लाल सिंह ठाकुर, मनोज कुमार तंतुवाय उपस्थित थे। छात्र-छात्राओं में चांदनी साहू, हर्षिता मरावी, यशवंती, हितेश कुमार यादव, महेश्वरी, प्रियंका, सुशील यादव, सतीश कुमार, प्रशांत कुमार, पूनम गोस्वामी, काजल गुप्ता, शिवानी, आशुतोष ठाकुर, ओम प्रकाश यादव, राम कुमार यादव, दिगंबर, राज कुमार यादव, यशवंती, चांदनी यादव आदि उपस्थित रहे।

## शशिकिरण को सेवानिवृत्त होने पर दी गई विदाई

**कटनी।** जिले के ढीमरखेड़ा विकासखंड के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बिछिया में कार्यरत प्राथमिक शिक्षक शशिकिरण पाण्डेय शनिवार को सेवानिवृत्त हुई, वे स्वर्गीय रवींद्र कुमार पांडे की धर्मपत्नी और विराट पांडेय की माता जी हैं। कार्यक्रम में शिक्षकों द्वारा शाल श्रीफल से भेट कर विदाई दी गई । विदाई समारोह कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता संतोष दुबे, संकुल प्राचार्य दिलीप बाजपेई, जनपद सदस्य शैलेन्द्र पौराणिक, सरपंच संजय दहिया, सचिव अंकित पांडे, राकेश पाठक, सूर्यकांत त्रिपाठी, सफदर खान, निर्मला पटेल, बबीता कोल, रूपलाल झरिया, लकी बाजपेई, जगत पटेल ,अवधेश पटेल, रवींद्र दुबे, राजीव काछी, सीताराम सिंगोर, प्रदीप दुबे सहित परिवार के सदस्यों सहित स्थानीय ग्रामीणों उपस्थित रही।

# नगरवासियों को मिलेंगी ताजी सब्जियां, छोटे किसानों को मिलेगा बाजार

▸ जिला मुख्यालय में जैविक हाट बाजार की शुरुआत



**डिंडोरी, नवभारत 30 नवंबर।** जिला प्रशासन द्वारा मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन और कृषि विभाग के सहयोग से रविवार को उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में जैविक हाट बाजार का शुभारंभ किया गया। अब प्रत्येक रविवार को नगरवासियों को जैविक सब्जियाँ, शहद, मिलेट्स, स्वदेशी उत्पाद और अन्य स्थानीय जैविक सामग्री एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी।

जिला पंचायत अध्यक्ष रुदेश परस्ते अपनी पत्नी के साथ हाट बाजार पहुंचे और उत्पादकों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि यह पहल छोटे और सीमांत किसानों के लिए आर्थिक रूप से बेहद लाभकारी सिद्ध होगी, जिन्हें पहले उचित बाजार नहीं मिल पाता था।

### रासायनिक खाद से उगाई गई सब्जियां हानिकारक होती हैं

उन्होंने बताया कि सामान्यत: रविवार को जबलपुर या अन्य जिलों से रासायनिक खाद से उगाई गई सब्जियां आती हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होती हैं। अब ग्रामीण क्षेत्रों में जैविक खाद के उपयोग से उत्पादित सब्जियों को स्थानीय बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं को अच्छी, हरी और ताज़ा सब्जियां मिल सकेंगी।

### छोटे किसानों को नियमित बाजार उपलब्ध होगा

कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने कहा कि इस हाट बाजार का उद्देश्य छोटे किसानों, स्व-सहायता समूहों की महिलाओं और स्थानीय कारीगरों को स्थायी और नियमित बाजार उपलब्ध कराना है, ताकि जिले के उत्पाद जिले के लोगों तक पहुंच सकें और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सके। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष आशा धुर्वे, जिला पंचायत सदस्य हीरा परस्ते, जिला पंचायत सीईओ दिव्यांशु चौधरी, कृषि उपसंचालक अभिलाषा चौरसिया, तथा नगर परिषद सीएमओ अमित तिवारी, अर्पणा पांडे, जेटडू सिंह पट्टा आदि उपस्थित रहे।




# कबीर मेले का आयोजन 3 व 4 को

▸ विभिन्न राज्यों के हजारों कबीर अनुयायी होंगे शामिल

**चिल्हारी नवभारत 30 नवंबर।** जिले के विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व अंतर्गत ताला बांधवगढ़ स्थित सदगुरू कबीर धर्मदास सेवाश्रम मे 3 एवं 4 दिसंबर को कबीर मेले का आयोजन किया जाएगा।

इसमें देश के महाराष्ट्र, उड़ीसा, मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़, गुजरात, असम सहित विभिन्न राज्यों के हजारों कबीर अनुयायी शामिल होंगे। बांधवगढ़ दर्शन यात्रा के नाम से आयोजित होने वाले इस कबीर मेले में बहुतायत में कबीरपंथी और कबीर अनुयायी शामिल होते हैं। इस संबंध मे कबीर आश्रम बांधवगढ़ के संत हरीश दास ने बताया कि बांधवगढ़ दर्शन यात्रा के नाम से आयोजित होने वाले इस कबीर मेले मे 3 दिसंबर को ग्राम ताला मे पेट्रोल पंप के पास से दोपहर 12 बजे कबीर आश्रम तक शोभायात्र निकाली जाएगी और शाम को सत्संग होगा।

### अनुयायी मेले को कबीर गंगोत्री मानते हैं

दूसरे दिन 4 दिसंबर को बांधवगढ़ कबीर मंदिर, गुफा एवं चौरा दर्शन के पश्चात शाम को चौंका आरती की जाएगी। इस आयोजन में सद्गुरु श्री कबीर धर्मदास वंशावली प्रतिनिधि सभा दामाखेड़ा रायपुर छत्तीसगढ़ के वंशाचार्य प्रमुख रूप से शामिल होंगे। बता दें कि कबीर अनुयायी बांधवगढ़ के इस दर्शन यात्रा सह कबीर मेले को बांधवगढ़ को कबीर गंगोत्री मानते हैं।

## कलेक्टर ने विद्यालय में बेहतर व्यवस्था बनाए रखने के दिए निर्देश

**कटनी।** विद्यार्थियों के स्वास्थ्य हित के मद्देनजर उनकी नियमित मेडिकल जांच करवाएं और मच्छर और अन्य कीड़ों से बचाव के लिए दवा का छिड़काव करवाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर आशीष तिवारी ने यह निर्देश शनिवार को यहां पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा के प्रबंधन समिति और विद्यालय सलाहकार समिति की बैठक में दिए। बैठक में कलेक्टर ने पूर्व में हुई प्रबंधन समिति और विद्यालय सलाहकार समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों और उनके पालन की समीक्षा की।

बैठक में आगामी 13 दिसम्बर को होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय चयन प्रवेश परीक्षा जिले के 19 केन्द्रों में कराने और कक्षा-6वीं में प्रवेश लेने के लिए आयोजित कराई जाने वाली परीक्षा की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में भी कलेक्टर ने निर्देश दिए।

# बच्चों से लेकर बुजुर्गों ने उठाया मेले का आनंद



▸ कहानी देवरी में दो दिवसीय मड़ई का आयोजन

**शहपुरा नवभारत 30 नवंबर।** नगर से 20 किलोमीटर की दूरी पर कहानी देवरी क्षेत्र में दो दिवसीय मड़ई का रंगारंग आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

शनिवार और रविवार को आयोजित इस मड़ई में सुबह से लेकर देर शाम तक उत्साह का माहौल छाया रहा। मड़ई में जगह-जगह पर गुड़ से बने व्यंजन, गन्ने , और बच्चों के आकर्षक खिलौने विशेष आकर्षण का केंद्र बने रहे। बाहरी क्षेत्रों से आए दुकानदारों ने विभिन्न प्रकार की दुकानें सजाई, जहां जमकर बिक्री हुई। दो दिनों तक चले इस आयोजन में आसपास के गांवों से जनसैलाब उमड़ पड़ा।

### खानपान से लेकर मनोरंजन तक की रही व्यवस्था

मड़ई परिसर दो दिन लोगों से खचाखच भरा रहा। खानपान से लेकर मनोरंजन तक, हर आयु वर्ग के लिए कुछ न कुछ देखने और आनंद लेने को मिला। मड़ई के दौरान वातावरण में हर तरफ खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने भी इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन समापन के साथ ही ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि ऐसे आयोजन आगे भी लगातार होते रहेंगे।



# भाजपा नेता विष्णु अवधिया को दी गई श्रद्धांजलि

**शहपुरा नवभारत 30 नवंबर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विष्णु अवधिया के आकस्मिक निधन से पूरे शहपुरा नगर में शोक की लहर व्याप्त है। भाजपा मंडल शहपुरा द्वारा नगर में एक गरिमामयी शोकसभा आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत नेता को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

शोकसभा में क्षेत्रीय विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, भाजपा के वरिष्ठ नेता कमल अग्रवाल, श्याम गुप्ता, ज्ञानदीप त्रिपाठी, मनोहर सोनी और भजन चक्रवर्ती सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। वक्ताओं ने विष्णु अवधिया के संघर्षपूर्ण राजनीतिक जीवन, उनके संगठनात्मक योगदान और सरल स्वभाव को याद करते हुए कहा कि उनका जाना भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है।




# अतिक्रमण कर बनाई गई दुकानों को किया जमींदोज

▸ पीरबाबा बायपास पर नेशनल हाइवे से हटाया गया अतिक्रमण

**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर पीर बाबा बायपास क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने बाधक अतिक्रमणों को हटाने की बड़ी कार्रवाई जारी है। प्रशासन ने अवैध निर्माणों को हटाने के लिए सुबह से ही अभियान शुरू कराया। कार्रवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, एसडीएम प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, यातायात पुलिस निरीक्षक राहुल पांडेय सहित भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा।

सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्र में पुलिस अमले की अतिरिक्त तैनाती की गई। अवैध रूप से बने अतिक्रमणों को जेसीबी मशीनों की मदद से जमींदोज किया गया है। कार्रवाई अभियान में राजस्व विभाग, पुलिस विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी संयुक्त रूप से सहयोग कर रहे हैं। प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुचारू यातायात और सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की जा रही है। कार्रवाई के दौरान काफी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा है। हालांकि अतिक्रमण हटाने के दौरान विवादित स्थित नहीं बनी। अधिकारियों द्वारा स्पष्ट किया गया है कि सरकारी जमीन पर किसी भी व्यक्ति द्वारा कब्जा नहीं किया जाए। सरकारी जमीन पर कब्जा, अतिक्रमण होने पर कार्रवाई की जाएगी।

# टाइगर रिजर्व में आज से नाइट सफारी बंद

▸ सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पीसीसीएफ ने जारी किए आदेश

**चिल्हारी 30 नवंबर।** जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व सहित प्रदेश के सभी टाइगर रिजर्व में 1 दिसंबर से नाइट सफारी नहीं हो सकेगी।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य प्राणी द्वारा 28 नवंबर को देर शाम आदेश जारी कर फील्ड डायरेक्टर बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व सहित प्रदेश के सभी फील्ड डायरेक्टर को निर्देशित किया है कि 1 दिसंबर से नाइट सफारी बंद करें। जारी आदेश में हवाला दिया गया है कि सुप्रीम कोर्ट के 17 नवंबर को जारी आदेश के परिपालन में यह निर्णय लिया गया है।

**पर्यटन व रोजगार पर पड़ेगा असर**-बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में नाइट सफारी बंद होने का असर सीधे पर्यटन और रोजगार पर पड़ेगा। स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नाइट सफारी की शुरुआत की गई थी, हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने वन्य जीवों के सरंक्षण में बाधा मनाते हुए इसे बंद करने के निर्देश दिए हैं।







# किसानों को मिल रहा उन्नत गेहूं बीज

▸ किसानों के खेतों में किया गया प्रदर्शन

**अमरपुर नवभारत 30 नवंबर।** प्रदेश सरकार की मंशानुसार कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाने अग्रसर बोरलाग इंस्टीट्यूट ऑफ साउथ एशिया मानेगांव जबलपुर द्वारा कृषकों का पंजीयन कर बगैर पराली जलाए, बगैर जुताई सीधे नारी के माध्यम से गेहूं की उराई कर पानी की सिंचाई कर अधिक उत्पादन किया जा सकता हैं, ऐसे बीच उन्नत बीज उपलब्ध कराए जा रहे है। इससे किसानों को जुताई एवं बीज की धनराशि का बचत हो रही हैं।

इसका प्रदर्शन किसानों के एक एकड़ जमीन में किया जा रहा हैं। इसमें ट्रैक्टर से उराई के लिए 1200 रूपए एवं 40 किलो गेहूं बीज के लिए 50 रूपए प्रति बोरी परिवहन व्यय किसानों का अंश दान देय होता हैं। इसमें कृषि विभाग द्वारा कंपनी एवं किसानों के बीच समन्वय बनाया गया हैं और सामने बीज बोनी का कार्य कराया जा रहा हैं। इससे किसानों में उत्सुकता देखी जा रही हैं।